जेएनएसी ने

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022

के तहत सिटीजन फीडबैक का किया आगाज़

अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर आहूत की गई

दो दिवसीय प्रशिक्षण

जमशेदपुर अक्षेस. पर्यवेक्षकों को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण

फीडबैक के लिए अभियान शुरू

वरीय संवाददाता, जमशेदपुर

जमशेदपुर अक्षेस ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के तहत सिटीजन फीडबैक की तैयारी शुरू कर दी है. इसको लेकर पर्यवेक्षकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है. लोग स्वच्छता एप को डाउनलोड कर, क्यूआर कोड को स्कैन कर एवं ऑनलाइन दिये गये लिंक https://ss-cf.sbmurban.org/#/feedback के माध्यम फीडबैक दे सकते हैं. प्रशिक्षण में टाटा स्टील यूटिलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड के अरुण विद्युत, ईश्वर राव, नगर प्रबंधक रवि भारती, क्रिस्टीना कश्यप, अनय राज, जॉय गुड़िया आदि मौजूद थे. **एक मोबाइल नंबर से सिर्फ एक ही बार दे सकते हैं फीडबैक** : शहर के लोग एक मोबाइल नंबर से सिर्फ एक बार ही फीडबैक दे सकते हैं. लोगों को चार सवालों का जवाब हां या न में देना है. प्रत्येक सवाल 50 अंकों के होंगे. फीडबैक को तीन वर्गों के लोगों में अलग किया गया है. पहले वर्ग में 15 से 25 साल, दूसरे में 26 से 59 और तीसरे वर्ग में 60 साल से ज्यादा उम्र वाले लोगों को जगह दी गयी है.

दूसरे प्रारूप में

दूसरे प्रारूप में आठ सवालों के जवाब पूछे जायेंगे. इसमें प्रत्येक सवाल के जवाब 40 अंक के होंगे. कुल चार सवाल पूछे जायेंगे. जो की (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत होंगे.

फीडबैक में पूछे गये सवाल

- क्या घर-घर कचरा उठाव होता है?
- क्या कचरे का उठाव गीला, सूखा घरेलू खतरनाक और सैनिटरी वेस्ट अलग-अलग कर दिया जाता है?
- क्या गीले कचरे से घरेलू खाद बनाने की प्रक्रिया जानते हैं और उससे निजी जीवन में उपयोग करते हैं?
- क्या आपके आसपास शौचालय की सुविधा है, इसकी जानकारी गूगल लोकेटर पर है?
- क्या आपका शहर स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग ले रहा है?
- क्या आपके आसपास का क्षेत्र पहले से ज्यादा साफ है?
- क्या आप जानते हैं पुराने किताब, टूटे खिलौने, कपड़े, जूते इत्यादि फिर से उपयोग या रिसाइकल किये जा सकते हैं?
- खुले में टॉयलेट वाली जगह को आप स्वच्छता एप के माध्यम से पहचान सकते हैं?
- क्या कोविड-19 के तहत होम कोरेंटिन का कचरा अलग संग्रह किया जाता है?
- क्या आपने डाउनलोड किया है स्वच्छता एप, जिससे आप स्वच्छता संबंधित शिकायत को दर्ज करा सकते हैं?
- हर धड़कन है स्वच्छ भारत की स्वच्छता गान क्या आपने सुना है या देखा है?

जेएनएसी ने स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु फीडबैक लेने की शुरु की तैयारी

जमशेदपुर : जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत सिटीजन फीडबैक की तैयारी शुरू कर दी है. इस संदर्भ में नागरिकों से सही फीडबैक के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण पर्यवेक्षको को दी गई. फीडबैक के माध्यम से नागरिकों तक कूड़े के निस्तारीकरण के लिए जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है उसकी जानकारी आमजन स्वछता ऐप को डाउनलोड कर, क्यूआर कोड को स्कैन कर दे सकते है. इस ट्रेनिंग में मूल प्रशिक्षण कार्यक्रम में टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड के अरुण विद्युत, ईश्वर राव नगर प्रबंधक रवि भारती, क्रिस्टीना कश्यप, अनय राज जॉय गुड़िया, मौजूद रहे.

फीडबैक 1 मोबाइल नंबर से सिर्फ 1 ही बार दे सकते हैं

प्रत्येक नागरिक अपना फीडबैक एक मोबाईल नंबर से केवल एक बार ही दे सकते हैं. इसके तहत चार सवाल पूछे जायेंगे जिसका जवाब हां या ना में देना है. जिसका प्रत्येक सवाल 50 अंकों के कुल 200 अंक के होंगे.

तीन आयु वर्गो में बांटा गया

पहली वर्ग में 15 से 25 साल के लोगो को जगह दी गई है. दूसरे वर्ग में 26 से 59 साल के लोगो व तीसरे वर्ग में 60 साल से उपर वाले लोगो को जगह दी गई है.

फीडबैक के लिए पूछे गए कुछ सवाल इस प्रकार है

- क्या घर घर कचरा उठाव होता है ?
- क्या कचरे का उठाव गिला सुखा घरेलू खतरनाक और सैनिटरी वेस्ट अलग अलग कर दिया जाता है?
- क्या गीले कचरे से घरेलू खाद बनाने की प्रक्रिया जानते हो और उससे निजी जीवन में उपयोग करते है ?
- क्या आपके आस पास शौचालय की सुविधा है इसकी जानकारी गूगल लोकेटर पर है?
- क्या आपका शहर स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग ले रहा है ?
- क्या आपके आसपास का क्षेत्र पहले से ज्यादा साफ है?
- क्या आप जानते हैं कि पुरानी किताब टूटे खिलौने कपड़े जूते इत्यादि पुन: उपयोग या रिसाइकल किया जा सकता है ?
- खुले में टॉयलेट करने वाले जगह को आप स्वच्छता ऐप के माध्यम से आईडेंटिफाई कर सकते हैं ?
- क्या कोविड-19 के तहत होम क्वॉरेंटाइन का कचरा अलग संग्रह किया जाता है?
- क्या आपने डाउनलोड किया है स्वच्छता एप जिससे आप स्वच्छता संबंधित शिकायत को दर्ज करा सकते हैं ?
- हर धड़कन है स्वच्छ भारत की स्वच्छता गान क्या आपने सुना है या देखा है?

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA